NBT PAGE 6

# साइंस छात्रों की पहली पसंद बना एमएससी फरेंसिक

**51.4% बढ़े आवेदन, विज्ञान संकाय के पीजी कोर्स में हुए आवेदनों में 27.4% का इजाफा**

■ **एनबीटी, लखनऊ:** इस बार एलयू में आवेदनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। विज्ञान संकाय में पीजी कोर्सों के लिए भी छात्रों ने खूब आवेदन किए हैं। एलयू प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि विज्ञान संकाय की स्नातकोत्तर स्तर पर पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों में मार्च 2021 से अगस्त 2021 तक आए आवेदनों में 2020 के मुकाबले 27.4 फीसदी का इजाफा हुआ है। वहीं, एमएससी फरेंसिक साइंस छात्रों का पसंदीदा कोर्स है। इस साल आवेदनों की संख्या में 51.4 फीसदी की बढ़त हुई है। प्रो. दुर्गेश कुमार ने बताया कि साल 2020 में एमएससी फॉरेंसिक साइंस में 20 सीटों पर 126 फॉर्म आए थे, इस साल यह आंकड़ा 259 पहुंच गया है। इसके अलावा बायोकेमिस्ट्री कोर्स में 25 सीटों पर 212 आवेदन, बायो टेक्नॉलजी की 30 सीटों पर 375 आवेदन आए हैं। कोर्स में निर्धारित सीटों पर होने वाले आवेदन पत्रों के परस्पर अनुपात को देखें, तो विवि में जूलॉजी, फरेंसिक साइंस और बायो टेक्नॉलजी विभाग विज्ञान संकाय में सबसे आगे हैं। जूलॉजी विभाग के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की निर्धारित 50 सीटों पर 826 आवेदन आए हैं। इसी तरह फॉरेंसिक साइंस और बायो टेक्नॉलजी विभाग में भी एक सीट पर लगभग 13 फॉर्म भरे गए।

**कंप्यूटर साइंस में आवेदन कम**

जिन विभागों में सीटों के मुकाबले आए आवेदनों का अनुपातक्रम रहा है, उनमें कंप्यूटर साइंस, अप्लाइड जियॉलजी और इन्वाइरनमेंटल साइंस विभाग हैं। कंप्यूटर साइंस में एक सीट पर 5 फॉर्म आए हैं। वहीं, अप्लाइड जियॉलजी में एक सीट पर 4 और इन्वाइरनमेंटल साइंस में एक सीट पर दो आवेदन आए हैं। कुल मिलाकर पिछले सत्र के मुकाबले विज्ञान संकाय में 2020 में 4045 आवेदन आए थे और 2021 में 5575 फॉर्म के साथ, प्रति सीट प्राप्त किए गए आवेदन पत्रों की संख्या में 5.5 से 2021 में 7.5 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई।

HINDUSTAN PAGE 6

# नई शिक्षा नीति पर एलयू में वेबिनार का आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने उच्च शिक्षा विभाग तत्वावधान में नई शिक्षा नीति और विधिक शिक्षा विषय वेबिनार का आयोजन किया। मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर बलराज सिंह चौहान, विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो सी पी सिंह ने कहा कि शिक्षा नीति का उद्देश्य एक ऐसी शिक्षण व्यवस्था देना है जिसका केंद्र बिंदु विद्यार्थी हैं। यह काफी अच्छी नीति है।

i-NEXT PAGE 2

# साइंस फैकल्टी में आए बंपर आवेदन

**लखनऊ यूनिवर्सिटी में आए रिकॉर्ड आवेदन**

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW(9Aug):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में पिछले सत्र की तुलना में इस बार आर्ट्स फैकल्टी में जहां 14.2 फीसद अधिक आवेदन आए हैं, वहीं साइंस फैकल्टी में पिछले साल की तुलना में 27.4 फीसद अधिक आवेदन मिले हैं. साइंस में सर्वाधिक आवेदन फॉरेंसिक साइंस के लिए आए हैं. यूनिवर्सिटी में आए आवेदनों को देखते हुए इस बार सीटों की संख्या में इजाफा किया जा सकता है.

**कहां कितने आवेदन बढ़े**

| कोर्स | प्रतिशत |
|---|---|
| एमएससी फॉरेंसिक साइंस | 51.4 |
| बायो केमिस्ट्री | 37.7 |
| बायो टेक्नोलॉजी | 37.6 |



**इस बार कई कोर्स में बढ़ाई जा सकती हैं सीटें.**

PIONEER PAGE 4

# एलयू साइंस में प्रवेश को लेकर रिकार्ड आवेदन, हर सीट पर होगा संघर्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना काल** मे ज्यादातर अभिभावकों ने अपने बच्चों को बाहर भेजने के बजाय स्थानीयता को तरजीह दी है। जिसका नतीजा है कि लखनऊ विश्वविद्यालय में पिछले सत्र में और इस सत्र में भी रिकार्ड आवेदन दर्ज किए गए हैं। आवेदनो की संख्या से यह तो तय है कि एक एक सीट पर दाखिले के लिए छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा होने वाली है।

विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक 2021-22 के अकादमिक सत्र में भी लखनऊ विश्वविद्यालय में रिकॉर्ड आवेदन पत्र प्राप्त किए गए हैं। विज्ञान संकाय की स्नातकोत्तर स्तर पर पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों में मार्च 2021 से अगस्त 2021 तक प्राप्त किए गए आवेदन पत्रों की संख्या में 2020 के मुकाबले 27.4 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई है। लगभग सभी पाठ्यक्रमों में पिछले वर्ष के मुकाबले आवेदन पत्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। जिसमें सर्वाधिक वृद्धि एमएससी फॉरेंसिक साइंस पाठ्यक्रम में 51.4 फ़ीसदी दर्ज की गई है। इस पाठ्यक्रम में 20 सीटों पर 2020 के अकादमिक सत्र में 126 फार्म भरे गए थे जबकि इस वर्ष 259 आवेदन पत्र प्राप्त किए गए। इसके अलावा बायोकेमिस्ट्री पाठ्यक्रम में 25 सीटों पर इस एकेडमिक सत्र में 212 फॉर्म प्राप्त किए गए जिससे 37.7 फ़ीसदी का वृद्धि दर दर्ज किया गया और बायो टेक्नोलॉजी के 30 सीटों पर 2021 में 375 आवेदन पत्र प्राप्त किए गए जो 2020 के मुकाबले 37.6 फीसद ज्यादा की वृद्धि दर दर्ज करती है। इसके अलावा अगर पाठ्यक्रमों में निर्धारित सीटों पर प्राप्त की जाने वाली आवेदन पत्रों के परस्पर रेशियो को देखें तो विश्वविद्यालय में जूलॉजी, फॉरेंसिक साइंस और बायो टेक्नोलॉजी विभाग विज्ञान संकाय में सबसे आगे हैं। जूलॉजी विभाग के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के निर्धारित 50 सीटों पर 826 आवेदन प्राप्त किए गए, अर्थात एक सीट पर लगभग 17 फॉर्म भरे गए। इसी तरह फॉरेंसिक साइंस और बायो टेक्नोलॉजी विभाग में भी एक सीट पर लगभग 13 फॉर्म भरे गए। वहीं कंप्यूटर साइंस में एक सीट पर 5 फॉर्म प्राप्त किए गए।